दैनिक सायंकालीन

# कानून व्यवस्था

वर्षः 16 | अंकः 208 | E-mail : kvjpr1@gmail.com | जयपुर, (शनिवार) 28 फरवरी, 2026 | RNI.No.RAJHIN/2010/33272 | मूल्य 1 रुपए | पृष्ठः 4

## युद्ध...युद्ध...युद्ध... अभी तक के इतिहास में सबसे ज्यादा देश युद्ध में लिप्त

### परमाणु युद्ध की आहट तो नहीं लेकिन कौन देश क्या कर बैठे पता नहीं

**विश्व की सबसे नायाब धरोहर बुर्ज खलीफा पर भी युद्ध का साया नजर आते ही उसे खाली करवाने का काम किया**

कानून व्यवस्था

विश्व में फिलहाल 2ho में 198 देशों में से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लगभग 100से ज्यादा देश युद्ध में शामिल है केवल और केवल 13 देश आज आज युद्ध में शामिल हुआ ईरान ने आज 8 देशों में अपने हथियार से एक साथ हमला कर दिया। वर्तमान में विश्व के 92 देश अपनी सीमाओं से बाहर किसी न किसी प्रकार के संघर्ष या युद्ध में शामिल हैं, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की सबसे बड़ी संख्या है। हालांकि, अगर हम सीधे तौर पर चल रहे भीषण युद्धों की बात करें, तो लगभग 20 से ज्यादा देशों में सक्रिय युद्ध की स्थिति बनी हुई है।




**रूस-यूक्रेन युद्धः** यह संघर्ष पिछले 4 वर्षों से जारी है और यूरोप का सबसे बड़ा युद्ध बना हुआ है।

**इज़राइल-फिलिस्तीन (गाजा):** मिडिल ईस्ट में यह संघर्ष अत्यंत गंभीर बना हुआ है, जिसमें लेबनान और ईरान जैसे देश भी अप्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष रूप से शामिल हैं।

**सूडान का गृहयुद्धः** इसे 2026 का सबसे घातक आंतरिक संघर्ष माना जा रहा है।

**म्यांमारः** यहाँ सैन्य तख्तापलट के बाद से गृहयुद्ध की स्थिति बनी हुई है।

अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा संघर्षः फरवरी 2026 के अंत में दोनों देशों के बीच तनाव 'खुले युद्ध' (Open War) की स्थिति तक पहुँच गया है।

**वेनेजुएलाः** 2026 की शुरुआत में अमेरिका और वेनेजुएला के बीच संघर्ष को भी 'अंतरराष्ट्रीय सशस्त्र संघर्ष' की श्रेणी में रखा गया है।

इसके अलावा इथियोपिया, सीरिया, यमन और कांगो जैसे देशों में भी सशस्त्र विद्रोह और संघर्ष जारी हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, 2026 में वैश्विक शांति में भारी गिरावट देखी गई है और कई नए मोर्चे खुलने की आशंका है।

## 'भारतीय नागरिकों की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए'


कानून व्यवस्था



अमेरिका-इजराइल और ईरान में जारी जंग के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि US-इजराइल और ईरान के बीच तेजी से बढ़ती दुश्मनी बहुत चिंता की बात है। मिडिल ईस्ट में हर भारतीय नागरिक की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। मैं भारत सरकार से गुजारिश करता हूं कि वह हमारे लोगों की सुरक्षा के लिए तुरंत और पहले से कदम उठाए।

## मौलवी की हिंदू भक्तों के लिए खास अपील

कानून व्यवस्था



केरल के पलियम इमाम वीपी सुहैब मौलवी की खूब तारीफ हो रही है। दरअसल, आगामी अटुकल पोंगाला उत्सव 3 मार्च से शुरू हो रहा है। इस उत्सव में लाखों महिलाएं शहर में इकट्ठा होती हैं और अनुष्ठानों में भाग लेती हैं। इस पर इमाम ने आग्रह किया कि हमारे इन श्रद्धालुओं के लिए मस्जिदें और घर खोले जाएं और उनके लिए भोजन और पीने के पानी की व्यवस्था की जाए। हमें उनका सर्वोत्तम स्वागत करने का प्रयास करना चाहिए।

## एयर इंडिया ने रद्द की सभी उड़ानें, एयर स्पेस बंद!


कानून व्यवस्था



**ईरान।** इजरायल टेंशन के बीच एयर इंडिया ने बड़ा कदम उठाया है। गल्फ देशों के लिए एयर इंडिया ने अपनी सभी उड़ाने रद्द कर दी हैं। इसके अलावा कई अन्य एयरलाइंस इंडिगो, कतर एयरवेज, टर्किश एयरलाइन ने भी उड़ानें रद्द की हैं। कुछ ने रीरूट भी की हैं। यह सुरक्षा कारणों से किया गया है, क्योंकि इजराइल, ईरान, इराक आदि के हवाई क्षेत्र प्रभावित हैं। खबर है कि कुवैत ने भी अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है।

## होलिका दहन का कन्फ्यूजन खत्म!

कानून व्यवस्था



होलिका दहन 3 मार्च, रंगों की होली 4 मार्च को, 3 मार्च को ही जलेगी होलिका, ग्रहण का नहीं पड़ेगा असर, 3 मार्च को लगेगा साल का पहला चंद्र ग्रहण, लेकिन शाम 6:47 के बाद होगा होलिका दहन, ग्रहण खत्म होते ही जलेगी होलिका, शाम 6:47 से रात 8:50 तक का है शुभ मुहूर्त।

## 6 ग्रह आज आसमान में एक लाइन में परेड करेंगे

कानून व्यवस्था



आज 28 फरवरी को एक दुर्लभ ग्रहों की परेड शाम 6.30 बजे देखी जा सकेगी इसमें बुध शुक्र मंगल बृहस्पति शनि और यूरेनस एक साथ आकाश में दिखाई देंगे

इस परेड की जोश ड्यूरी की फोटो सबसे ज्यादा प्रसिद्धि पा रही है प्रसिद्ध खगोलशास्त्री जोश ड्यूरी ने इंग्लैंड के दक्षिणी तट से 24 फरवरी 2026 को इस परेड की एक शानदार तस्वीर ली है, जिसमें 6 ग्रह और चंद्रमा एक साथ 180 डिग्री के आसमान में फैले हुए हैं।

इससे पहले 3-4 जून 2024 को भी ऐसी ही एक परेड हुई थी, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थीं। आज परेड कासमय सूर्यास्त के लगभग 30 से 60 मिनट बाद ये प्राकृतिक परेड होगी इसकी सही दिशा पश्चिमी क्षितिज की ओर देखने पर यह नजारा दिखेगा कुछ ग्रह नंगी आंखों से तो कुछ दूरबीन से देखे जा सकेंगे शुक्र और बृहस्पति को नग्न आंखों से देखा जा सकता है, लेकिन यूरेनस और नेपच्यून को देखने के लिए दूरबीन या टेलीस्कोप की आवश्यकता होगी

## भारत यदि सेमीफाइनल में पहुंचा भारत को इंग्लैंड की टीम से टक्कर लेनी होगी

कानून व्यवस्था




भारत अगर सेमीफाइनल में पहुंचता है तो वह अपने ग्रुप में दूसरे नंबर पर होगा। वहीं ग्रुप-2 में इंग्लैंड ने टॉप पोजिशन सिक्योर कर ली है। ऐसे में ICC के नियम के मुताबिक ग्रुप-1 की सेकंड टीम का ग्रुप-2 की टॉप टीम से मुकाबला होगा। यानी भारत सेमीज में पहुंचा तो दर्शकों को INDvsENG का रोमांचक मैच देखने को मिलेगा। इस मैच के लिए वेन्यू तय है। यह मैच मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा।

## 36 बच्चियों की मौत इजराइल का स्कूल पर हमला



कानून व्यवस्था

इजराइल ने ईरान में एक स्कूल को निशाना बनाया है, जिसमें 36 छात्राओं की मौत होने की खबर है। अन्य कई छात्र गंभीर रूप से घायल हैं। ईरान की राज्य समाचार एजेंसी IRNA ने भी दावा किया है कि हॉर्मोजगान प्रांत के मीनाब शहर में एक प्राइमरी गर्ल्स स्कूल को इजराइली हमले में निशाना बनाया गया। इस हमले में 36 छात्राओं की मौत हो गई है। यह हमला आज सुबह हुआ, जब बच्चे स्कूल में थे।

## ईडी के सीनियर हैड कांस्टेबल को 13 लाख रिश्वत लेते पकड़ा

कानून व्यवस्था



एंटी करप्शन ब्यूरो जयपुर की टीम ने शनिवार को सीकर में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने कल्याण सर्किल पर अशोका होटल में ईडी के हेड कॉन्स्टेबल उत्तम पांडे को 13 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। हेड कॉन्स्टेबल से पूछताछ जारी है। उत्तम पांडे ने पीड़ित से 15 लाख की डिमांड की थी। 2 लाख रुपए वह पहले ही ले चुका था और अब 13 लाख रुपए लेने के लिए सीकर आया था।, पीड़ित एक सीए है। उसे आरोपी हेड कॉन्स्टेबल लगातार धमकियां दे रहा था कि आरोपी बना दूंगा, पैसा दो। आरोपी हेड कॉन्स्टेबल उसे कहता कि वह ईडी में बड़ा अधिकारी है।आरोपी हेड कॉन्स्टेबल पीड़ित पर लगातार दबाव बना रहा था। इस पर पीड़ित ने दो लाख तो पहले ही दे दिए। इसके बाद पीड़ित ने जयपुर एसीबी में शिकायत की।

## अब कांग्रेस 'INC' नहीं, 'MMC' हैः मोदी

कानून व्यवस्था



पीएम मोदी आज अजमेर (राजस्थान) के दौरे पर पहुंचे। यहां जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पीएम ने कहा- कभी कांग्रेस INC यानी इंडियन नेशनल कांग्रेस थी, लेकिन अब यह नहीं बची है। आज वो INC के बजाय MMC बन गई है। यानी मुस्लिम लीग, माओवादी कांग्रेस। राजस्थान के मेरे वीरों इतिहास गवाह है मुस्लिम लीग भारत से नफरत करती थी, इसलिए उन्होंने देश को बांट दिया। आज कांग्रेस वही कर रही है।

## मुस्लिम समुदाय ने कहा- 'ना दूरी है ना खाई है, मोदी हमारा भाई है'

कानून व्यवस्था



राजस्थान के अजमेर में आज पीएम मोदी की जनसभा होने जा रही है। इस बीच पीएम की जनसभा में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग भी पहुंच रहे हैं। रोजा रखे होने के बावजूद मुस्लिम समुदाय के लोग मोदी की सभा में पहुंच रहे हैं।

मुस्लिम समुदाय के लोगों में मोदी के कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। उन्होंने पोस्टर लेकर नारा लगाया- 'ना दूरी है ना खाई है, मोदी हमारा भाई है।'

## प्रधानमंत्री गृहमंत्री के खिलाफ FIR.....?

**बुरा फंसा वकील, CJI सूर्यकांत की फटकार- किसने लाइसेंस दिया**

कानून व्यवस्था



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करने वाले एक वकील को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई। मामला नागरिकता संशोधन कानून, 2019 (CAA) से जुड़ा है। हालांकि, जब बाद में वकील ने अदालत के सामने यह वादा किया कि वह फिर कभी बेवजह की याचिकाएं नहीं डालेंगे तो सीजेआई सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने याचिका खारिज कर दी, उससे वसूली जाने वाली रकम पर भी रोक लगा दी।

### पीएम, अमित शाह पर एफआईआर की मांग

शुक्रवार को भारत के चीफ जस्टिस (CJI) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की अदालत में राजस्थान हाई कोर्ट के एक आदेश के खिलाफ चुनौती वाली याचिका पर सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने वकील पर सीएए बनाने के खिलाफ पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और तत्कालीन कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद के खिलाफ 'बेवजह' याचिका डालने के लिए 50,000 रुपये की रकम वसूलने का आदेश दिया था।

## राजस्थान में मार्च में तेज गर्मी पड़ेगी

**बारिश की भी संभावनाः जैसलमेर, बाड़मेर, जालोर में सबसे ज्यादा तपेगी जमीन; मौसम विभाग ने जारी किया पूर्वानुमान**

कानून व्यवस्था



राजस्थान में इन दिनों तेज धूप पड़ने लगी है। मौसम विज्ञान केंद्र नई दिल्ली ने देश में इस बार गर्मी कैसी रहेगी इसका पूर्वानुमान जारी किया है। इसके अनुसार राजस्थान में सामान्य (40 डिग्री) से ज्यादा गर्मी रहने का अनुमान है मार्च में सामान्य से ज्यादा बरसात भी हो सकती है जैसलमेर, बाड़मेर, जालोर के एरिया में भीषण गर्मी पड़ सकती है। साथ ही सीमावर्ती जिलों में सामान्य से ज्यादा हीटवेव के दिन रहने का अनुमान जताया है पूरे देश का पूर्वानुमान देखें तो इस बार राजस्थान के साथ गुजरात, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल के अलावा पूर्वोत्तर भारत के सभी राज्यों (सेवन सिस्टर प्रदेश) में तापमान सामान्य से कहीं ज्यादा रहने का अनुमान है। जो संकेत देता है कि इस सीजन राजस्थान समेत पूरे देश में तेज गर्मी रहेगी।

## एआई तेजी से नौकरियां खा रहा है

**तो क्या यूं खत्म हो जाएंगी नौकरियां?**



AI क्रांति का सर्वाधिक नुकसान व्हाइट कॉलर जॉब्स पर पड़ रहा है। ट्विटर के पूर्व मालिक जैक डोर्सी ने अपनी कंपनी से 4000 लोगों को निकाल दिया है। वहीं Anthropic के CEO कह चुके हैं कि व्हाइट कॉलर जॉब्स में 20 प्रतिशत तक की कमी जल्द देखी जाएगी। एक वायरल लिस्ट के मुताबिक स में 30 से 40 कंपनियां बड़े पैमाने पर ले ऑफ करने वाली हैं। इनमें अमेजन (30K), इंटेल (25K) और माइक्रोसॉफ्ट (15K) जैसी कंपनियां शामिल हैं।

## पीएम मोदी ने सेमीकंडक्टर प्लांट का किया उद्घाटन


कानून व्यवस्था



पीएम मोदी ने गुजरात के साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी इंडिया सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग (ATMP) फैसिलिटी का उद्घाटन किया। इस प्लांट में पहली बार मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर मेमोरी मॉड्यूल्स का कमर्शियल प्रोडक्शन और शिपमेंट शुरू होगा। यह केंद्र सरकार के मेक इन इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन का पहला प्रोजेक्ट है। यह प्लांट 22,516 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हुआ है।

## ईरान के कई सैन्य अधिकारियों की मौत

कानून व्यवस्था



अमेरिका और इजरायल के हमले में ईरान को बड़े नुकसान की खबर है। सत्ता के करीबी एक ईरानी सूत्र ने बताया कि इजरायल की तरफ से किए गए हमले में IRGC के कई वरिष्ठ अधिकारियों और राजनीतिक समेत कई आम नागरिकों की मौत हुई है। इस हमले के लिए पहले से ही तैयार बैठे ईरान ने तुरंत ही पलटवार करते हुए मध्य-पूर्व में मौजूद तमाम अमेरिकी बेसों और इजरायल के ऊपर हमला कर दिया।

## '100 से ज्यादा ईरानी सैन्य ठिकानों को बनाया निशाना'

कानून व्यवस्था



इजरायली सेना ने दावा किया है कि उसने 100 से ज्यादा ईरानी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। सेना की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि पश्चिमी ईरान पर हवाई हमले किए गए हैं। अभी और हमलों की तैयारी की जा रही है। इजरायली सेना, ईरान की तरफ से आने वाली मिसाइलों को इंटरसेप्ट करने का काम कर रही है।

## मातृशक्ति द्वारा राजस्थानी संस्कृति से ओतप्रोत फाग महोत्सव का आयोजन 1 मार्च को

कानून व्यवस्था

**भोपालगढ़ (सुनील पाड़ीवाल)।** मारवाड़ राजस्थान व विशेषकर जोधाणा की मातृशक्ति द्वारा जोधपुर स्थित सूरजगढ़ गार्डन, नयापुरा रोड़ (मंडोर) में फाग महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन 1 मार्च रविवार को सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक होगा। आयोजक संध्या चौधरी व नीरू टाक ने बताया कि फाग महोत्सव में सर्वोच्च नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित रूमा देवी, जस्टिस देवेन्द्र सुमन कच्छवाहा, सीधी मारवाड़ी कौशल्या चौधरी, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष प्रमिला चौधरी सहित मारवाड़ की कई हस्तियां भाग लेकर अपनी कला व संस्कृति को निरखेगी। इस अवसर पर सभी महिलाएं अपने समाज की पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी नजर आएँगी व रंग-बिरंगी लहरिया और बंधेज की घाघरा ओढ़नी, कुंदन, मीनाकारी के गहने, हाथों में चूड़ियाँ, माथे पर बोरला और पांव में पायल की मधुर झंकार पूरे वातावरण को राजस्थानी संस्कृति की खुशबू से महका देंगी। चंग व ढोल नगाड़ों की थाप पर घूमर और पारंपरिक लोकगीतों की प्रस्तुति, राजस्थानी फागण गीत, हंसी-ठिठोली और आपसी भाईचारे की भावना से ये आयोजन यादगार होगा।

## विज्ञान दिवस पर विद्यार्थियों ने बिखेरे रंग

कानून व्यवस्था



**रींगस/ हनुमान सिंह।** सी.सी.ए. शिक्षण संस्थान समूह शनिवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के संरक्षक रमेश चंद्र सक्सेना,निदेशक डॉ. अजय सक्सेना एवं सह-निदेशक कविता सक्सेना द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने होलोग्राम, मानव हाथ का मॉडल, गीजर, सौरमंडल, वाटर रॉकेट, जल फिल्टर, उत्सर्जन तंत्र, इलेक्ट्रिक चॉपर, इलेक्ट्रिक सर्किट, पेंडुलम, ज्वालामुखी तथा चंद्रयान-3 जैसे विषयों पर उत्कृष्ट मॉडल तैयार किए। छात्रों ने अपने मॉडलों के माध्यम से वैज्ञानिक सिद्धांतों को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया।कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों ने गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच एवं प्रस्तुतीकरण कौशल की सभी ने सराहना की।

## वरिष्ठ नागरिक समिति सोजतरोड का मासिक समागम सम्पन्न

कानून व्यवस्था




**सोजत रोड/रमेश भट्ट।** वरिष्ठ नागरिक समिति सोजतरोड का मासिक समागम ओमप्रकाश जोशी की अध्यक्षता में सियाल गार्डन में सम्पन्न हुआ । सचिव अशोक जांगला ने मासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए जानकारी दी कि नगर में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन में समिति ने मुख्य व सक्रिय योगदान किया है । उपाध्यक्ष डॉ वासुदेव सांखला ने बताया कि स्थानीय गर्ल्स स्कूल में कुछ विषयों में अधूरे रहे कोर्स को समिति ने वरिष्ठ सदस्य बुद्धाराम सांखला व अन्य विषय विशेषज्ञों की मदद से पूरा कराया गया । फरवरी माह में ही सोजत सेवा समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में वरिष्ठजन ने भामाशाह सुचिता-सुभाष टावरी परिवार के सहयोग से एक वर-वधु की गृहस्थी के लिए आवश्यक सामग्री भेंट की गई । प्रारंभ में संरक्षक हिम्मतराज शर्मा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश लड्डा ने वरिष्ठ सदस्य प्रकाश सिंगाड़िया को स्काउट एंड गाइड क्षेत्र में राजस्थान सरकार द्वारा सम्मानित करने पर माला व उपरण पहनाकर बहुमान किया गया।

## राम नाम के स्मरण से मिलता है मोक्ष का मार्गः पांचाराम महाराज

कानून व्यवस्था



**गोटन।** कस्बे के निकटवर्ती श्री जसनाथ मंदिर शहीद भागीरथ रोड़ स्थित मंदिर परिसर में पूज्य संत सम्राट दानवीर पांचाराम महाराज के सानिध्य में चल रही विशाल सत्संग समारोह का शनिवार को भक्तिमय माहौल के बीच समापन हुआ।सत्संग समारोह में संत सम्राट पांचाराम महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम के नाम में अपार शक्ति है। यदि मनुष्य सच्चे मन से राम नाम का स्मरण करता है तो उसके जीवन के कष्ट दूर हो जाते हैं और उसे मोक्ष का मार्ग प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में आध्यात्मिक मूल्यों को भूलता जा रहा है, जबकि सच्चा सुख ईश्वर भक्ति और सत्संग में ही मिलता है।समारोह के दौरान भजन-कीर्तन और प्रवचनों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। सत्संग के समापन पर प्रसादी का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## चाकसू में श्री श्याम फाग महोत्सव भक्ति रंग और उल्लास के साथ संपन्न

कानून व्यवस्था



**चाकसू (लोकेश कुमार गुप्ता)** कस्बे के गोविंद विहार स्थित वृन्दावन (31-32) परिसर में आयोजित श्री श्याम फाग महोत्सव भक्तिभाव, संगीत और रंगों की छटा के साथ संपन्न हुआ। सुरज कुड रोड पर स्थित आयोजन स्थल को सतरंगी श्रृंगार से आकर्षक रूप से सजाया गया, जिससे पूरे परिसर में आध्यात्मिक और उत्सवी वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या ने कार्यक्रम में भाग लेकर फागोत्सव का आनंद लिया।महोत्सव की शुरुआत अखंड ज्योति प्रज्वलन के साथ हुई, जो पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा और आस्था का केंद्र बनी रही। इसके पश्चात फूलो की होली का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें पुष्पवर्षा के बीच श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। दोपहर 1 बजे से हरि इच्छा तक चले इस फागोत्सव में श्याम भक्ति से ओतप्रोत भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियों ने माहौल को भावविभोर कर दिया।कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया।

## अणुव्रत समिति बाड़मेर के तत्वावधान मे इको फ्रेंडली फेस्टिवल का आयोजन

कानून व्यवस्था



**बाड़मेर।** अणुव्रत विश्व भारती सोसाइटी के निर्देशन में अणुव्रत समिति बाड़मेर के तत्वावधान मे इको फ्रेंडली फेस्टिवल कैसे मनाया जाए, इस पर कार्यक्रम आदर्श विद्या मंदिर ढाणी बाजार मे आयोजित हुआ । कार्यक्रम का प्रारंभ अणुव्रत गीत, गायन समिति के पूर्व अध्यक्ष जीतेन्द्र बाठिंया द्वारा मधुर स्वर में गाया गया । समिति के सोशल मीडिया प्रभारी मुकेश बोथरा भाईपा ने बताया कि इको फ्रेंडली फेस्टिवल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर नंदा ताई जी, निर्देशन विद्यालय व्यवस्थापक मांगीलाल बोथरा, अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष पवन सँखलेचा नमन, विशिष्ट अतिथि डॉ प्रदीप एवं प्रधानाध्यापक विजय जोशी रहे ।बच्चों द्वारा हा रे होली आई रे सुंदर गीतिका प्रस्तुत की गई । मांगीलाल बोथरा ने इस अवसर पर कहा की केमिकल युक्त रंगों के उपयोग से मानव ही नहीं अपितु पूरे पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है साथ ही इको फ्रेंडली होली, प्रदुषण रहित होली खेलने के लिए बच्चों को शपथ दिलाई गई।

## डॉ. मुजाहिद सलीम 'डॉक्टर ग्लोरी अवॉर्ड 2025' से सम्मानित



कानून व्यवस्था

**जयपुर/सादुलपुर (नेतराम मेहरा)।** जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉ. मुजाहिद सलीम को 'डॉक्टर ग्लोरी अवॉर्ड 2025' से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेंद्र सिंह खींवसर द्वारा प्रदान किया गया।यह सम्मान डॉ. सलीम के घुटने (नी रिप्लेसमेंट) और कूल्हे (हिप रिप्लेसमेंट) की सर्जरी में उनके सटीक, सुरक्षित और सफल परिणामों को दर्शाता है। उन्होंने जॉइंट रिप्लेसमेंट के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों और नवीन चिकित्सा पद्धतियों को अपनाते हुए अनेक मरीजों को असहनीय दर्द से राहत दिलाई अपनी उत्कृष्ट सर्जरी और समर्पित सेवा के माध्यम से डॉ. मुजाहिद सलीम न केवल लोगों को फिर से चलने-फिरने में सक्षम बना रहे हैं।

## चैत्र नवरात्र मेला 18 मार्च से

कानून व्यवस्था



**कुमार प्रवीन बयाना।** उपखंड क्षेत्र के श्री कैलादेवी झील का बाड़ा में 18 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित होने वाले चैत्र नवरात्र मेले की तैयारियों को लेकर जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सुरक्षा, साफ-सफाई, विद्युत, जल, यातायात, प्राथमिक चिकित्सा और मेला में दुकानों के संचालन जैसी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिला कलक्टर ने सभी विभागों को टीम भावना से कार्य करने और श्रद्धालुओं के लिए सुगम अनुभव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती, सीसीटीवी निगरानी, फायर ब्रिगेड, अस्थायी बस स्टैंड और हेलिपैड जैसी व्यवस्थाओं को भी समय पर पूरा करने पर जोर दिया गया। बैठक में बयाना उपखंड अधिकारी दीपक मित्तल, पीडब्लूडी अधीक्षण अभियन्ता वीसी मीना, नगर निगम सचिव विजय प्रताप सिंह समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे

## सर्व समाज की सेवा हेतु मोक्ष वाहिनी की समर्पित उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पंचायत अध्यक्ष पंकज रायचंदानी को सेवा वाहन की चाबी सौंपी

कानून व्यवस्था




**रमेश भगत।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा श्री सीमेंट के सहयोग से पूज्य सिंधी पंचायत, मुरलीपुरा स्कीम को सर्व समाज की सेवा हेतु मोक्ष वाहिनी समर्पित की गई। सीकर रोड़ स्थित सियाराम दास जी की बगीची में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पूज्य सिंधी पंचायत मुरलीपुरा स्कीम के अध्यक्ष पंकज रायचंदानी (खंडू वाले) को सेवा वाहन की चाबी सौंपी। पूज्य सिंधी पंचायत मुरलीपुरा स्कीम के अध्यक्ष पंकज रायचंदानी (खंडू वाले) ने बताया कि यह सेवा वाहन दुःख की घड़ी में परिजनों को सम्मानजनक एवं सुव्यवस्थित अंतिम यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा। मोक्ष वाहन से शवों को मुक्तिधाम तक निःशुल्क पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह पहल न केवल समाज के भीतर सहयोग की मिसाल है, बल्कि पूरे शहर में जरूरतमंद परिवारों के लिए राहत देने वाली सुविधा साबित होगी।

## यूजीसी के 'काला कानून' के विरुद्ध सवर्ण समाज दोसा की विरोध प्रदर्शन की तैयारी

कानून व्यवस्था

**कमल शर्मा/दौसा।** केंद्र सरकार द्वारा देशभर के शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं शिक्षा से जुड़े विभिन्न संगठनों ने द्वारा लागू किए गए तथाकथित 'काला कानून' के विरुद्ध सवर्ण समाज दोसा द्वारा गहरा विरोध दर्ज कराया है। सवर्ण समाज युवा मंच के प्रतिनिधि अनिल नीमला ने बताया कि कल प्रातः 11:00 बजे गुप्तेश्वर रोड से विशाल रैली का आयोजन का सहजनाथ महदेव मंदिर से जिला कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा
प्रदर्शनकारियों का कहना है कि प्रस्तावित प्रावधान उच्च शिक्षा की स्वायत्तता, अकादमिक स्वतंत्रता तथा लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। उनका आरोप है कि इस कानून से विश्वविद्यालयों के निर्णय-प्रक्रिया में केंद्रीकरण बढ़ेगा और शिक्षण-अनुसंधान के वातावरण पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार स्वर्ण के साथ हर मोड़ पर अन्य कर रही है।सवर्ण समाज दौसा ने स्पष्ट किया कि उनका विरोध शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीकों से जारी रहेगा जब तक कि सरकार और संबंधित प्राधिकरण इस मुद्दे पर सकारात्मक पहल नहीं करते।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर बच्चों ने बनाये मॉडल

कानून व्यवस्था



**(डॉ पूनम प्रजापति भारतीय)/नोखा।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शनिवार को यहां नोखा में सालेम मिशन स्कूल में विद्यार्थियों की ओर से विज्ञान प्रदर्शनी के तौर पर विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाकर प्रस्तुत किये गए। प्रदर्शनी में छठी क्लास की छात्रा नव्या तालनिया ने वाटर प्यूरिफायर सिस्टम मॉडल बनाकर पानी को फिल्टर करने के तरीके के बारे में बताया। वही क्लास तीसरी के छात्र मनन तालनिया ने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से बरसाती पानी के संग्रहण करने के बारे में जानकारी साझा की। बच्चो के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शाला परिवार ने इनकी हौसला अफजाई करते हुए भविष्य में भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिये प्रेरित किया।

## श्री सिद्ध बाबा आश्रम धवहाली धाम पर मेला लगा

कानून व्यवस्था



मनोहरपूर श्री श्री 1008 श्री किशन दास जी महाराज एवं श्री श्री 108 श्री साधुदास जी महाराज के आशीर्वाद से श्री श्री 1008 श्री छबीले शरण देवाचार्य जी महाराज श्री ऋषिकेश द्वाराचार्य पीठाधीश्वर जोहड़ा धाम छारसा की अनुकम्पा से श्री सिद्ध बाबा आश्रम धवहाली धाम पर शनिवार को विशाल मेला लगा मेले के मुख्य आकर्षण में शुक्रवार, 27 फरवरी 2026 निशान पद यात्रा खोरा आश्रम से संगीतमयसत्संग (भजन) व शनिवार, 28 फरवरी 2026 प्रातः 7.15 बजे से.सम्पूर्ण रात्रि तक परिक्रमा प्रातः 7.15 बजे से ध्वजा अर्पण प्रातः 11.15 बजे भण्डारा (प्रसादी) प्रातः 11.15 बजे से सत्संग प्रातः 10.15 बजे से सायं 8 बजे तक चलाशोभायात्रा मंदिर परिसर पहुंचने पर सिद्ध बाबा के निशान चढ़ाए गए और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की गई।रात्रि में मंदिर परिसर में भजन और सत्संग का आयोजन किया गया। शनिवार को मंदिर परिसर में परिक्रमा, मेला और भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों लोग पंगत प्रसादी ग्रहण किए।

## मिल क्षेत्र की छात्राओ ने बांगड चिकित्सालय मे जानी उपचार की प्रक्रिया



कानून व्यवस्था

**अजय कुमार/जवाली।** खौड़ सर मरीज अस्पताल मे आता है तो उसका उपचार कैसे करते हे.. उसे सबसे पहले कौनसी दवाई देते है ...कुछ ऐसे ही सवाल राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मिल क्षेत्र की छात्राओ ने राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं बांगड चिकित्सालय मे नर्सिंग अधिकरियो से पूछे। संस्था प्रधान दौलाराम मेघवाल ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा के तहत स्वास्थ्य से जुडी जानकारियो के लिए चिकित्सालय के मेडिकल वार्ड, सर्जिकल वार्ड, हडडी विभाग ,स्त्री एवं प्रसूति वार्ड, आई वार्ड, एक्सरे केन्द्र, रक्त बैंक, नाक कान गला विभाग,समेत विभिन्न वार्डो का भ्रमण करवाया गया। जिसमे उन्हे नर्सिंग अधिकारी देवेन्द्र मौर्य, दिलीप भाटी,चेतन प्रकाश,सुरेश बेनीवाल,धर्मेन्द्र वागोरिया ने चिकित्सा से जुडी महत्वपूर्ण जानकारिया दी। डेमो के माध्यम से दी जानकारी- मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार ने बताया कि नर्सिंग अधिकरियो ने भ्रमण के दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र,प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप जिला अस्तपाल एवं जिला अस्तपाल मे स्वास्थ्य से जुडी एवं मरीज उपचार के बारे मे बताया।

## महादेव आदर्श विद्या मंदिर में उमंग के साथ मनाया गया रंगोत्सव

कानून व्यवस्था



**बावड़ी (छैलाराम मेघवाल)।** स्थानीय कस्बे के महादेव आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालरवा में शनिवार को %रंगोत्सव% का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षक गणों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश प्रसारित किया। विद्यालय के निदेशक भीखाराम खोरवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि यह लोगों के भीतर प्रेम और सद्भाव जगाने का माध्यम है। उन्होंने जीवन में सभी मनमुटाव भुलाकर रंगों की तरह मिल-जुलकर रहने और बुराइयों पर विजय पाने के लिए प्रेरित किया।प्रधानाचार्य चंद्रेश गोयल ने छात्रों को सुरक्षित होली मनाने की सलाह देते हुए कहा कि त्योहार की खुशी तभी बनी रहती है जब हम सावधानी बरतें। उन्होंने विशेष रूप से केमिकल रहित (प्राकृतिक) रंगों का प्रयोग करने पर जोर दिया ताकि किसी के स्वास्थ्य को नुकसान न पहुंचे।

## प्रथम विशाल श्याम निशान यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

कानून व्यवस्था



**दौसा।** नांगल राजावतान स्थित मीन भगवान मंदिर से श्याम बाबा कोठिया मलवास के लिए विशाल पैदल यात्रा निकली। श्री श्याम सेवा समिति कोठिया मलवास द्वारा श्री श्याम बाबा की विशाल पैदल निशान यात्रा का आयोजन किया गया। श्री मीन भगवान मंदिर में विद्वान पुरोहितों द्वारा मुख्य ध्वज का पूजन किया गया। श्याम जी के भक्तों द्वारा अपनी मन्नतें पूरी होने या विशेष अवसरों पर निशानों (ध्वज) की बोली लगाने की परंपरा रही है। ध्वज उठाने का पुण्य सर्वाधिक राशि वाले को दिया गया जिसमें 2100 रुपयों से ध्वज की बोली आरंभ हुई ओर 41 हजार रुपए में श्याम भक्त सीताराम शर्मा कोठयाला ने यह पुण्य अपने नाम किया। मुख्य ध्वज यजमान सीताराम शर्मा, दयाशंकर शर्मा, हरिनारायण शर्मा हेमकांत, हितेश गौतम परिवार सहित पैदल यात्रा कर मुख्य ध्वज निशान को मलवास स्थित मंदिर में बाबा के शिखर पर चढ़ाया गया। बोली में श्री श्याम जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। सैकड़ों यात्रियों द्वारा रंग-बिरंगे ध्वज खासकर पीले और नारंगी श्रद्धालु पदयात्रा कर बाबा को अर्पित किए।

## सेन जयंती की कार्यकारिणी गठित



कानून व्यवस्था

**बूंदी।** शकल सेन समाज विकास समिति बूंदी के तत्वाधान में आगामी सेन जयंती को लेकर भगवान जगमोहन मंदिर परिसर कागजी देवरा में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें से जयंती संयोजक शंकर सेन सिंघानिया, अध्यक्ष नोराज सेन, उपाध्यक्ष गोविंद धारवाल, कोषाध्यक्ष संजय सेन को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी में संरक्षक का दायित्व रामकिशन सेन बड़ोदिया, महामंत्री गिरिराज धोवड़ा को बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बाबूलाल सेन ने बताया कि आगामी 14 अप्रैल को सेन समाज के आराध्य संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726 सी जयंती हर्षोल्लास से मनाए जाने की बात कही। कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जयंती अध्यक्ष नोराज सेन ने समिति के सह संरक्षक कैलाश सेन हिंडोली, सचिव पद पर मनीष सेन बूंदी और मीडिया प्रभारी लोकेशन छतरपुरा को नियुक्त किया

## बार एसोसिएशन सिकराय का होली मिलन समारोह आयोजित हुआ

कानून व्यवस्था



**सिकराय/ राजेन्द्र खेड़ापति।** सिकराय बार एसोसिएशन ने शुक्रवार को होली मिलन एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बड़े घूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें उपस्थित अधिवक्ताओ ने रंग गुलाल से होली खेली इस मोके पर बार अध्यक्ष केलाश बैसला सहित अधिवक्ता मोजूद थे।

## चंद्र ग्रहण में सियाणा खेतलाजी मंदिर के पट बंद रहेगा

कानून व्यवस्था



**जालोर (टीलाराम सिंधल बिबलसर)।** सियाणा खेतलाजी मंदिर के पट 3 मार्च को चंद्र ग्रहण को लेकर सूतक लगने से सुबह 6.30 बजे से बंद रहेंगे। यह जानकारी सियाणा खेतलाजी मंदिर द्वारा भक्तों व समस्त आस पास गावों में माइक द्वारा दी गई। मंदिर से शांतिलाल भट्ट ने बताया कि चंद्र ग्रहण को लेकर 3 मार्च सुबह 6.30 बजे से सूतक शुरू हो जाएगा ऐसे में सियाणा खेतलाजी मंदिर के पट बंद रहेंगे। सियाणा में होलिका दहन कार्यक्रम 2 मार्च चौदस को शाम 6 बजे से 9 बजे के मध्य होलिका दहन किया जाएगा। व ढूंढ परम्परा कार्यक्रम 4 मार्च सुबह व भट्टो का चौक पर हमेशा की भांति गैर का आयोजन होगा। एवं 5 मार्च को धुलंडी कार्यक्रम और सियाणा खेतलाजी मंदिर प्रांगण में गैर का आयोजन होगा।सियाणा व सियाणा के आस पास गावों के लोग इसका पालन करते हुए रस्म निभाएंगे।

## जेबी विधालय में होली महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

कानून व्यवस्था



**करणपुर/मुकेश गुप्ता।** करणपुर कस्बे के जेबी आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को होली महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर की। इस अवसर पर राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती और गणेश जी की सजीव झांकियां सजाई गई, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। होली के भजनों पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विष्णु चंद नापित ने कहा कि होली प्राकृतिक रूप से तैयार रंगों और अबीर-गुलाल से ही खेलनी चाहिए। रासायनिक रंगों का प्रयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे त्वचा और स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ता है तथा पानी की भी अनावश्यक बर्बादी होती है। उन्होंने बच्चों को  विद्यालय में बच्चों ने फूलों से होली खेलकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राधा बनी चित्राशी शर्मा और कृष्ण बने आशीष सैन को फूलों से ढंक दिया गया।

## नाचते-गाते भक्तों के साथ नगर भ्रमण पर निकले बाबा श्याम



**कानून व्यवस्था/देशबंधु जोशी/राजगढ़।** फाल्गुन एकादशी के पावन अवसर पर राजगढ़ कस्बे में भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। बाबा श्याम सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ भव्य नगर भ्रमण पर निकले। कारोठ रोड स्थित भारतीय विद्या पीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल से विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात बाबा श्याम रथ में विराजमान होकर डीजे की धुन पर नगर भ्रमण के लिए रवाना हुए। सैकड़ों बच्चों और श्रद्धालुओं ने हाथों में निशान लेकर 'हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा' और 'जय श्री श्याम' के जयकारों के साथ नाचते-गाते यात्रा में भाग लिया। डीजे पर बजते भजनों की धुन पर श्रद्धालु झूमते हुए चल रहे थे, । मंदिर महंत एडवोकेट मदनमोहन शास्त्री तथा हारे का सहारा मित्र मंडल के राजकुमार गुप्ता और मनीष गुप्ता ने श्रमजीव पत्रकार संघ के तहसील उपाध्यक्ष नागपाल शर्मा को बताया कि निशान यात्रा बस स्टैंड से गोल सर्किल होते हुए चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा एवं गुलाल वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। मंदिर पहुंचने पर महाआरती का आयोजन किया गया, महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

## होली सामूहिक रुप से मनाने का निर्णय लिया

कानून व्यवस्था



**सिकराय।** नगर पालिका वार्ड 8 कें नागरिको ने बैठक कर 2 मार्च को होलिका दहन सामुहिक रुप से मनाने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया इसमोके पर अमरनाथ शर्मा शिवचरणशर्मा रामबाबू राणा आजाद योगी सीताराम जय पुरिया पूरण नरेश जागिड़ मोती लाल विष्णु गौलू हेमासिह। प्रजापत श्याम सुन्दर सारसवत मुकेश शर्मा हरिमोहन सैनी मोजूद थे।

## होली फागोत्सव की धूम में देर रात तक ढफ-ढोल की थाप पर झूमे ग्रामीण

कानून व्यवस्था



**सादुलपुर।** तहसील के हरियाणा सीमावर्ती गांव कामाण में हर वर्ष की भांति इस बार भी होली का फागोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गांव की गुवाड़ में नौजवान, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे ढफ-ढोल की थाप पर पारंपरिक राजस्थानी धमाल प्रस्तुत कर रहे हैं।समाजसेवी नरेंद्र सिंह मेहरा ने बताया कि गांव में वर्षों पुरानी परंपरा के तहत दिन और रात्रि दोनों समय फागोत्सव का आयोजन किया जाता है। देर रात तक ग्रामीण, बच्चे और महिलाएं होली के रंग में रंगे नाचते-गाते और ठिठकते रहते हैं, जिससे पूरा वातावरण उल्लासमय बना रहता है।महिलाएं पारंपरिक लोकगीतों की प्रस्तुति देती हैं, युवा जोश के साथ नृत्य करते हैं और बुजुर्ग भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ते हैं। ग्रामीणों का मानना है कि ऐसे आयोजन गांव में आपसी भाईचारा, प्रेम और एकता को और मजबूत करते हैं।

## वगौ सांस्कृतिक संस्था ने प्रधानाचार्य कृष्णा मील को किया सम्मानित

कानून व्यवस्था

**जयपुर।** वगौ सांस्कृतिक संस्था की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, दरबार स्कूल, बाबा हरिशचंद्र मार्ग, जयपुर में एक सादगीपूर्ण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्था के सचिव रवि कश्यप के निर्देशन में हुआ, जबकि अध्यक्षता संस्था की अध्यक्ष रूपाली राव ने की।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्णा मील को मोती की माला व दुपट्टा पहनाकर तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष रूपाली राव ने अपने संबोधन में कहा कि कृष्णा मील के नेतृत्व में विद्यालय ने शिक्षा, अनुशासन और सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो रहा है, जो अत्यंत सराहनीय है।

## विशाल फाग महोत्सव एवं फूलों की होली का आयोजन 1 मार्च को

कानून व्यवस्था



**जयपुर।** महिला स्वाभिमान मंच संस्था की ओर से 1 मार्च (रविवार) को दोपहर 1 बजे से 6 बजे तक विशाल फाग महोत्सव एवं फूलों की होली का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम श्री नृसिंह मंदिर, बंशी वाले बाबा की बगीची, यज्ञशाला की बावड़ी, पुरानी बस्ती, जयपुर में आयोजित होगा। सस्था की अध्यक्ष वर्तिका सैन एवं प्रचार मंत्री कोमल सोनी ने  बताया कि इस अवसर पर पारंपरिक फाग गायन, फूलों की होली और भक्तिमय वातावरण के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य नागरिकों, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों की सहभागिता रहेगी।

## बाड़मेर के 'जल संचय जन भागीदारी अवॉर्ड' पर बढ़ा विवाद

कानून व्यवस्था

**राकेश दहिया/बाड़मेर।** जिले में प्रदान किए गए 'जल संचय जन भागीदारी अवॉर्ड' की चयन प्रक्रिया को लेकर अब विवाद गहराता जा रहा है। आरटीआई एक्टिविस्ट भगवानसिंह लाबराऊ ने इस सम्मान की वैधानिकता एवं चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्न उठाते हुए सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत विस्तृत जानकारी मांगी है। उनका कहना है कि जिला कलेक्टर श्रीमती टीना डाबी को प्रदत्त उक्त अवॉर्ड से संबंधित संपूर्ण चयन प्रक्रिया, मूल्यांकन मापदंड, संस्तुति अभिलेख, फाइल नोटिंग एवं अनुमोदन आदेश सार्वजनिक किए जाने चाहिए ताकि तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट हो सके।आरटीआई एक्टिविस्ट द्वारा दिनांक 02 दिसंबर 2025 को राष्ट्रपति सचिवालय राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली को अधिनियम की धारा 6(1) के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत कर अवॉर्ड से संबंधित समस्त अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियां मांगी गई थीं। आवेदन में अनुशंसा डोजियर, संबंधित विभागों द्वारा भेजे गए प्रस्ताव, मूल्यांकन समिति की संरचना एवं रिपोर्ट, आंतरिक टिप्पणियां, निर्णय प्रक्रिया, कार्यक्रम से संबंधित अनुमोदन पत्र तथा समस्त आधिकारिक पत्राचार की प्रतियां उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया था।

## 'हर रविवार, फ्री सेमिनार' के तहत एआई और कैनवा से वीडियो मेकिंग पर नि:शुल्क कार्यशाला

कानून व्यवस्था

**बाड़मेर।** स्वीजीत हब और सुरक्षा मित्र जन कल्याण फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 'हर रविवार, फ्री सेमिनार' पहल के अंतर्गत फ्री सेमिनार सीरीज का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में इस रविवार को 'एआई व कैनवा के जरिए वीडियो बनाना' विषय पर नि:शुल्क सेमिनार का आयोजन नेत्र ज्योति हॉस्पिटल के पास, चौहटन रोड पर स्थित स्वीजीत हब के सेंटर फॉर एक्सीलेंस में सुबह 10 बजे से किया जाएगा। स्वीजीत हब के डायरेक्टर व अटल इनोवेशन मिशन के राजस्थान के रीजनल मेंटर ऑफ चेंज छगनलाल बोथरा ने बताया कि सेमिनार के दौरान प्रतिभागियों को एआई की मदद से स्क्रिप्ट तैयार करना, एआई वॉइसओवर बनाना, टेक्स्ट से इमेज जनरेट करना, कैनवा में प्रोफेशनल वीडियो डिजाइन करना, ऑटो कैप्शन जोड़ना तथा तैयार वीडियो को सोशल मीडिया के लिए ऑप्टिमाइज करना सिखाया जाएगा। यह कार्यशाला पूर्णतः प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) रहेगी, जिसमें प्रतिभागी स्वयं अपना वीडियो तैयार करेंगे।

## UGC के कथित काले कानून के विरोध में दौसा में युवा सवर्ण समाज का मशाल जुलूस

कानून व्यवस्था




**दौसा/प्रदीप शर्मा।** UGC के कथित काले कानून के विरोध में दौसा शहर में युवा सवर्ण समाज द्वारा शुक्रवार देर शाम जोरदार मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। हाथों में जलती मशाल और विरोध संबंधी बैनर लिए युवाओं ने नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि 1 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली ÷महा आक्रोश रैली÷ को ऐतिहासिक बनाया जाएगा और इसके लिए समाज पूर्ण रूप से एकजुट है।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह आंदोलन युवाओं के अधिकारों और भविष्य की रक्षा के लिए है। मशाल जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मौके पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी तैनात रहा।आयोजकों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# फूलों की होली से महका अक्षरधाम एकेडमी

कानून व्यवस्था




**जयपुर/ हरमाड़ा।** जयपुर-सीकर हाईवे स्थित जोडला पावर हाउस के समीप अवस्थित अक्षरधाम एकेडमी में शनिवार को होली का पर्व पारंपरिक उल्लास, सांस्कृतिक गरिमा और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे गुलाल, पुष्पों की सुगंध और विद्यार्थियों की आनंदित मुस्कान से सराबोर दिखाई दिया।कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं ने होली के पारंपरिक एवं सांस्कृतिक गीतों पर आकर्षक समूह नृत्य, एकल प्रस्तुतियाँ तथा लघु सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नन्हे विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनों की खूब सराहना बटोरी। पूरे परिसर में ÷होली है÷ के जयघोष से उत्सव का वातावरण जीवंत हो उठा।विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्राकृतिक एवं सुरक्षित रंगों के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया गया। विद्यार्थियों ने फूलों की होली खेलते हुए एक-दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया।

## एक साल बाद मिला खोया मोबाइल, चेहरे पर खिली मुस्कान

कानून व्यवस्था



**करणपुर।** साइबर अपराधों की रोकथाम को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत करणपुर पुलिस ने एक वर्ष पूर्व गुम हुआ मोबाइल बरामद कर परिवादी को सौंप दिया। मोबाइल वापस मिलते ही चेहरे पर मुस्कान लौट आई। जानकारी के अनुसार 13 मार्च 2025 को मीरा हरीजन निवासी करणपुर का मोबाइल गुम हो गया था। इस संबंध में सीआईईआर पोर्टल पर ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। थानाधिकारी देवेश कुमार जाटव के निर्देश पर कांस्टेबल विजय सिंह सैनी और दिनेश कुमार ने तकनीकी सहायता से मोबाइल को ट्रेस किया। शुक्रवार को बरामद मोबाइल परिवादी को सुपुर्द कर दिया गया।पुलिस ने बताया कि सीआईईआर पोर्टल के माध्यम से गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक कर ट्रैक किया जाता है, जिससे साइबर अपराधों की रोकथाम में मदद मिल रही है।मोबाइल मिलने पर परिवादी ने पुलिस टीम का आभार जताया।

## जिला स्तरीय रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन में हुआ नवचयनित कार्मिकों का सम्मान




कानून व्यवस्था

**जयपुर।** राज्य सरकार की युवा सशक्तिकरण एवं रोजगारोन्मुखी पहल के तहत जिला स्तरीय रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का आयोजन एचसीएम रीपा के भगवत सिंह मेहता सभागार में हुआ। कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त जयपुर श्रीमती पूनम मुख्य अतिथि रहीं तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने की। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जयपुर जिले के 400 युवाओं को वेलकम किट प्रदान किये गए। इस अवसर पर 20 नवनियुक्त कार्मिकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।समारोह में कायड़ विश्राम स्थली, अजमेर में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेशवासियों को 16 हजार 686 करोड़ रुपये की लागत के 43 प्रमुख विकास कार्यों एवं परियोजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण की सौगात दी।

# उदयपुर में किसान को उठा ले गया लेपर्ड, जंगल में मिला शव

कानून व्यवस्था



राजस्थान के उदयपुर जिले के बड़ी गांव क्षेत्र में देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई. खेत पर मौजूद एक किसान पर लेपर्ड ने अचानक हमला कर दिया. प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार लेपर्ड किसान को खेत से उठाकर पास के जंगल की ओर ले गया. जब किसान देर रात तक घर नहीं लौटा तो परिजनों और ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की. काफी खोजबीन के बाद जंगल क्षेत्र में किसान का शव मिला. शव की हालत देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि हमले के दौरान ही उसकी मौत हो गई थी. बता दें की उदयपुर में पिछले सालों भी लेपर्ड ने हमले करके कई लोगों की जान ली है।

# आशा सहयोगिनीयों ने शाहपुरा विधायक से मुलाकात की

कानून व्यवस्था



आज आशा सहयोगिनी संगठन के पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष निर्मला सेन, प्रदेश संयोजक अलका कवर,प्रदेश कोषाध्यक्ष अनुराधा मिश्रा, व कानूनी सलाहकार एडवोकेट दिनेश मीणा व अन्य पदाधिकारी द्वारा शाहपुरा विधायक मनीष यादव जी से संगठन के पदाधिकारीयों द्वारा मुलाकात की गई और विधायक महोदय को आशाओं की समस्याओं के बारे में ज्ञापन दिया गया और आशाओं की समस्याओं को विधायक जी द्वारा विधानसभा में उठाए जाने का आश्वासन दिया गया।

# भारत में शुरू हुआ अनोखा 'हाई प्रो ट्यूटर' कार्यक्रम

कानून व्यवस्था



**इंदौर/सिलीगुड़ी।** लुनिया विनायक ग्रुप ऑफ कंपनीज़ के शैक्षणिक उपक्रम क्वाइटक्वार्टर्स एजु हब प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सत्र 2026 से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु 'हाई प्रो ट्यूटर कार्यक्रम' शुरू किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए संचालित होगा। मुख्य बिंदु- नियमित पढ़ाई के साथ कला, संगीत, नृत्य और खेल प्रशिक्षण। प्रत्येक शनिवार कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ। सप्ताह में एक दिन खेल प्रशिक्षण और समूह चर्चा। मानसिक संतुलन हेतु पाथ ऑफ लिविंग नैचुरोपैथी के सहयोग से निःशुल्क परामर्श सत्र। छात्रवृत्ति योजनाः 70 प्रतिशत अंक- 40 प्रतिशत शुल्क छूट 80 प्रतिशत अंक- 50 प्रतिशत शुल्क छूट 90 प्रतिशत अंक- 60 प्रतिशत शुल्क छूट 98 प्रतिशत अंक- 100 प्रतिशत शुल्क छूटसमूह अध्यक्ष विनायक लुनिया के अनुसार, यह पहल विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास के अवसर प्रदान करेगी तथा बेहतर परिणाम हेतु प्रेरित करेगी।

## कविता

### 'होली पे'


गले मुझको लगा ले ए दिलदार होली पे ।
दिल की लगी बुझालो ए यार होली पे ।
गले मुझको लगा ले ए दिलदार होली पे ।
दिल की लगी बुझालो ए यार होली पे ।
अमन और भाईचारा प्यार चँहूओर हो।
चल रही रंगों की बौछार चँहूओर हो ।।
खूब अबीर गुलाल उछालो ए यार होली पे ।
गले मुझको लगा ले ए दिलदार होली पे ।।
दिल की लगी बुझालो ए यार होली पे ।
लगा लो गोरे गोरे गालों पे गुलाबी रंग ।
मस्त हो करके बजा लो फागुनी चंग।।
चोली चुनरी भिगो लो ए यार होली पे।
गले मुझको लगा ले ए दिलदार होली पे ।।
दिल की लगी बुझालो ए यार होली पे ।
दूर दूर से इश्क नहीं होता प्यारों।
होली पर कोई रिस्क नही लेता यारो ।।
प्रियतम बाँहों में उठालो ए यार होली पे ।
गले मुझको लगा ले ए दिलदार होली पे ।।
दिल की लगी बुझालो ए यार होली पे ।
मेघ मस्त हो करके कहे भीगे अंग अंग।
जिसे देख करके सब रह जाए दंग ।।
साहित्य की पिचकारी चलाओ ए यार होली पे ।
गले मुझको लगा ले ए दिलदार होली पे ।।
दिल की लगी बुझालो ए यार होली पे।

–कवि मेघराज श्रीश्रीमाल 'मेघ'

# होली पर गूंजेगा परंपरागत 'रांझा-हीर' तमाशा

## 2 मार्च को छोटा अखाड़ा में होगा मंचन, व्यंग्य और लोकसंगीत से सजेगा आयोजन

कानून व्यवस्था



होली के पावन अवसर पर जयपुर की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर जयपुर तमाशा की पारंपरिक प्रस्तुति का आयोजन 2 मार्च को किया जाएगा। परंपरागत प्रदर्शन स्थल ब्रह्मपुरी स्थित छोटा अखाड़ा में दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होने वाले इस विशेष तमाशा में 'रांझा-हीर' के अमर प्रेमाख्यान का मंचन किया जाएगा। प्रस्तुति में रांझा और हीर की प्रेमगाथा को पारंपरिक गायन, संवाद शैली और लोक वाद्यों की संगत के साथ जीवंत किया जाएगा। तमाशा की विशेषता के अनुरूप प्रस्तुति में विभिन्न सामाजिक परिस्थितियों और समसामयिक विषयों जैसे पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, ट्रंप टैरिफ, बिना छपी किताब विवाद, एप्स्टीन मुद्दा, एसआईआर विवाद के साथ स्थानीय मुद्दों पर तीखा व्यंग्य भी पिरोया जाएगा, जो दर्शकों को मनोरंजन के साथ विचार के लिए भी प्रेरित करेगा। पंडित बंशीधर भट्ट लिखित इस तमाशा का निर्देशन प्रख्यात लोकनाट्य गुरु पंडित वासुदेव भट्ट के निर्देशन में होगा । इस अवसर पर कलाकार सम्मान श्रृंखला के अंतर्गत प्रख्यात धुपद गायिका मधु भट्ट तैलंग, सारंगी वादक फिरदौस खान एवं वरिष्ठ रंगकर्मी सुरेश कौल का सम्मान भी किय्या जाएगा । पं वासुदेव भट्ट ने बताया कि यह प्रदर्शन जयपुर तमाशा परिवार की छटवी और सातवीं पीढ़ी प्रस्तुत करेगी जो की तमाशा की जीवंत परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# प्रधानमंत्री के अभिनंदन के लिए अजमेर पहुचे

कानून व्यवस्था




आज दिनांक 28 फरवरी शनिवार भारत वर्ष के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी साहब के पुष्कर (अजमेर) राजस्थान, में आगमन पर उनके अभिनंदन के लिए सिविल लाइंस मण्डल जयपुर से आदरणीय विधायक श्री गोपाल शर्मा जी के आव्हान पर मण्डल अध्यक्ष श्रीमती इन्दु परमार, श्री नरेन्द्र सिंह जी ( वार्ड संयोजक ), रविन्द्र कुमार मौर्य, श्री बाबू सिंह जी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्यालय से बस द्वारा प्रातः 7.00 बजे पुष्कर राज अजमेर के लिए प्रस्थान किया।

## मनीष सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रंगों का महाकुंभ

कानून व्यवस्था




मनीष सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इस वर्ष होली पर्व का आयोजन अभूतपूर्व उत्साह और भव्यता के साथ किया गया। सुबह से ही विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी सजावट, आकर्षक होली थीम डेकोरेशन और गुब्बारों से सजा नजर आया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा विद्यालय रंगों के महोत्सव में डूब गया हो।स्कूल प्रभारी मंजू शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक तिलक होली से हुई। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल का तिलक लगाकर शुभकामनाएं दीं और प्रेम, सौहार्द व भाईचारे का संदेश फैलाया। इसके बाद फूलों की होली का दृश्य सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया। पुष्प वर्षा के बीच बच्चों की मुस्कान और उल्लास ने माहौल को और भी आनंदमय बना दिया।कार्यक्रम के सांस्कृतिक भाग में छात्रों ने होली पर आधारित गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। 'चक डफ' की थाप पर जब बच्चे मंच पर झूमे तो पूरा परिसर तालियों की गूंज से भर उठा। रंगों और संगीत का यह संगम हर किसी के दिल को छू गया।

## एमवीसी व जेएनसी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

कानून व्यवस्था



**बाड़मेर।** एमवीसी पब्लिक स्कूल एवं जेएनसी पब्लिक स्कूल कुशल वाटिका में विज्ञान दिवस के अवसर पर भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ -चढ़ कर भाग लिया तथा विज्ञान विषय पर आधारित बहुत ही सुंदर मॉडल छात्रों ने प्रस्तुत किए 7 छात्रों के मॉडल का निरीक्षण करने विधालय पहुंचे विजय शर्मा और विशाल ने छात्रों के विज्ञान विषय के प्रति रुचि एवं उनके द्वारा बनाए गए कलात्मक मॉडल की खूब प्रशंसा की व छात्रों से विज्ञान विषय से संबंधित प्रश्न भी पूछे 7 इस अवसर पर प्राचार्या सीमा शर्मा ने भी छात्रों के कौशल की खूब सराहना की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा। इस कार्यक्रम से पहले महाराणा प्रताप के राज्यारोहण के उपलक्ष में प्रार्थना सभा में देश भक्ति गीत व उन पर आधारित कविताओं की छात्रों द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी गई।

## वांछित फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉ सुनीता मेहरोत्रा ने शामिल हो मनाया रंगोत्सव



**कानून व्यवस्था** श्री मोनू सिंह,डायरेक्टर,एवम् प्रधानाचार्य नीतू सिंह ज्ञानंम पब्लिक स्कूल दिल्ली ने स्कूल प्रांगण में समस्त शिक्षकों एवम् शिक्षेतर एवं छात्रों के संग मनमोहक रंग उत्सव का आयोजन किया। स्कूल प्रशासन ने वांछित फाउंडेशन दिल्ली,की संस्थापिका एवम् राष्टीय अध्यक्षा,डॉ सुनीता मेहरोत्रा को रंगउत्सव में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मानित किया। डॉ. सुनीता ने स्कूल की शिक्षण व्यवस्था एवम् सौहार्द पूर्ण वातावण के लिए धन्यवाद दिया। डॉ सुनीता मेहरोत्रा ने बताया कि रंगत्सव का अर्थ है 'रंगों का उत्सव' (रंग + उत्सव), जो मुख्य रूप से हिंदुओं के प्रमुख त्योहार 'होली' को संदर्भित करता है। यह त्योहार वसंत ऋतु के आगमन,बुराई पर अच्छाई की जीत और राधा-कृष्ण के प्रेम का प्रतीक है, जिसमें लोग एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर आपसी मतभेद भुलाकर खुशी मनाते हैं। श्री मोनू सिंह, स्कूल के डायरेक्टर ने रंगोत्सव के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रंगोत्सव एकता, समरसता और खुशियों का संदेश देता है। मैं कामना करता हूँ कि यह दिन आपके जीवन में नई ऊर्जा, सफलता और समृद्धि लेकर आए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक दीपक शर्मा के लिए महारानी प्रिन्टर्स, प्लांट नं.17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड जयपुर,(राज.)से मुद्रित तथा 3935, दीपकुंज, दीनानाथजी की गली, नॉ ग्रह मंदिर के पास जयपुर (राज.) से प्रकाशित
सम्पादक दीपक शर्मा, मो. 9352779494 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर होगा ) सीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार।